

## ऑस्ट्रेलियन ओपनः नडाल 12वीं बार क्वॉर्टर फाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। दुनिया के नंबर–1 टेनिस खिलाड़ी स्पेन के राफेल नडाल ने सोमवार को दमदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में 12वीं बार जगह बना ली। नडाल ने निक किर्गियोस के खिलाफ पहला सेट जीतने के बाद दूसरा सेट गंवा दिया था, लेकिन फिर अगले दोनों सेट जीतकर क्वॉर्टर फाइनल में एंट्री मारी। 33 साल के नडाल ने ऑस्ट्रेलिया के किर्गियोस को 6–3, 3–6, 7–6 (6), 7–6 (4) से हराया। 19 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ने यह मुकाबला 3 घंटे 38 मिनट में जीता। जीत के बाद नडाल खुशी से झूमते नजर आए। वह चौथा सेट जीतते ही उछल पड़े और उन्होंने किर्गियोस से हाथ मिलाया। नडाल का अब डॉमिनिक थीम से मुकाबला होगा जिन्होंने मॉफिल्स को हराकर अंतिम–8 में जगह बनाई।

# अब सरफराज ने हिमाचल के खिलाफ जड़ा नाबाद दोहरा शतक

**क्रिकेट**

### पिछले रणजी मैच में ही यूपी के खिलाफ नाबाद 301 रन की पारी खेली थी

एक समय मुंबई का स्कोर 3 विकेट पर 16 रन था, लेकिन सरफराज ने टीम को मजबूती दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

धर्मशाला। फॉर्म में चल रहे मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के पहले ही दिन सोमवार को दोहरा शतक जड़ दिया। सरफराज की इस पारी की मदद से मुंबई ने शीर्षक्रम के पतन के बाद हिमाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन पांच विकेट पर 372 रन बना लिए।

इससे पहले सरफराज ने अपने पिछले मैच में ही यूपी के खिलाफ नाबाद 301 रन की पारी खेली थी। उन्होंने धर्मशाला में हिमाचल के गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए नाबाद 226 रन बनाए जिसमें



32 चौके और 4 छक्के शामिल थे। एक समय मुंबई का स्कोर 3 विकेट पर 16 रन था, लेकिन सरफराज ऐसे जमे कि दिन का खेल समाप्त होने के बाद भी नाबाद लौटे।

एचपीसीए स्टेडियम पर पहले गेंदबाजी करते हुए मेजबान तेज गेंदबाजों ने शुरुआती तीन विकेट जल्दी ले लिए। मुंबई का स्कोर 3 विकेट पर 16 रन था। जय बिस्टा (12) और भूपेन लालवानी (1) के अलावा हार्दिक तामोर (2) भी सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद सरफराज ने सिद्धेश लाड (20) के साथ 55 रन की साझेदारी की। लाड के जाने के बाद उन्होंने आदित्य तारे (62) के साथ पांचवें विकेट के लिए 143 रन जोड़े। सरफराज और शुभम रंजने (नाबाद 44) ने भी 158 रन की साझेदारी की। खराब रोशनी के कारण खेल 75 ओवर के बाद ही रोक दिया गया।

दिल्ली में कर्नाटक के खिलाफ रेलवे ने छह विकेट 98 रन पर गंवा दिए। प्रतीक जैन ने 14 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि अभिमन्यु मिथुन को 2 विकेट मिले। वडोदरा में जयदेव उनादकत के छह विकेट की मदद से सौराष्ट्र ने बड़ौदा को 154 रन पर आउट कर दिया। केदार जाधव ने 52 रन बनाए जबकि युसूफ पठान ने 34 रन का योगदान दिया। जवाब में सौराष्ट्र ने छह विकेट पर 114 रन बना लिए। इंदौर में मध्यप्रदेश ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में 230 रन बनाए। जवाब में यूपी के तीन विकेट 22 रन पर निकल गए।

# टीम इंडिया बेरहम बनती जा रही हैः शोएब अख्तर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा कि विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम धीरे–धीरे बेरहम बनती जा रही है और इस बात को उन्होंने एक बार फिर न्यू जीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में एकतरफा मात देकर साबित किया। भारत ने ऑकलैंड में खेले गए सीरीज के दूसरे टी20 इंटरनैशनल मैच में मेजबान न्यू जीलैंड को 7 विकेट से हराया और इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में 2–0 की बढ़त ले ली।

पूर्व पाकिस्तानी पेसर अख्तर ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'भारत बेरहम टीम बनती जा रही



है, इसका सबूत न्यू जीलैंड को दूसरे टी20 मैच में दी गई हार से मिलता है। अगर आप (न्यू जीलैंड) इतने कम स्कोर पर आउट हो जाओगे तो आप भारत जैसी टीम के साथ कैसे प्रतिस्पर्धा करोगे जिसका बैटिंग लाइन–अप काफी मजबूत है।' अख्तर ने कहा, 'मैंने पहले ही बताया था कि कोलिन मुनरो और मार्टिन गप्टिल को लंबा चलना होगा (क्रीज पर देर तक टिकना होगा) नहीं तो भारतीय टीम को रोकना मुश्किल हो जाएगा।'

44 वर्षीय अख्तर ने साथ ही कहा कि क्रिकेट में धीरे–धीरे प्रतिस्पर्धा खत्म हो रही है क्योंकि टीमें लड़ने की क्षमता नहीं दिखा रही हैं। पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, 'इस समय भारत का पूरी दुनिया में दबदबा है, लेकिन दूसरी टीमों को क्या हो गया? जब ऑस्ट्रेलिया का विश्व क्रिकेट पर दबदबा था तो कम से कम भारत और पाकिस्तान तो उसे चुनौती देते थे। हम जो न्यू जीलैंड में देख रहे हैं उसमें तो मेजबान ने पूरी तरह से भारत के सामने सरेंडर कर दिया है।' भारत और न्यू जीलैंड के बीच सीरीज का तीसरा टी20 इंटरनैशनल मैच हैमिल्टन में 29 जनवरी को खेला जाएगा।

## नवरातिलोवा और मैकेनरो ने की मार्गरेट कोर्ट की आलोचना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। मार्टिना नवरातिलोवा और जॉन मैकेनरो जैसे दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने दिग्गज महिला टेनिस प्लेयर मार्गरेट कोर्ट के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने समलैंगिकता के खिलाफ विचार व्यक्त किए थे। कोर्ट ने 1970 में कैलेंडर वर्ष में चारों ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किए था जिसके 50 साल पूरे होने के मौके पर उन्हें सम्मानित करने के लिए 'मार्गरेट कोर्ट परिसर' में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

सबसे ज्यादा 24 ग्रैंडस्लैम जीतने वाली मार्गरेट को इस दौरान ऑस्ट्रेलियन ओपन की प्रतिकृति भेंट की गई। इस दौरान 77 साल की कोर्ट ने कहा, 'मेरे में आप जैसा देखेंगे वैसा वापस पाएंगे।' चर्च की पादरी बन चुकीं कोर्ट इससे पहले साउथ अफ्रीका की रंगभेद नीति का समर्थन कर चुकी हैं और,'टेनिस समलैंगिकों से भरा है' जैसे बयान देने के साथ उन्होंने ट्रांसजेंडर के बच्चों को 'शैतान की देन' करार दिया। नवरातिलोवा ने कहा कि उनकी इस तरह के विचारों से लोगों को दुख हुआ जबकि अमेरिकी दिग्गज मैकेनरो ने उनके लिए 'क्रेजी आंटी (पागल चाची) जैसे शब्द का इस्तेमाल किया।

## न्यूज डायरी





### बुमराह पर शॉट खेलना मुश्किल, भारतीय टीम से सीख लेने की जरूरतः टिम सिफर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैमिल्टन। न्यू जीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सिफर्ट ने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की विविधतापूर्ण गेंदबाजी को समझना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि मेजबान टीम को अगर टी20 सीरीज में वापसी करनी है तो उसे भारत से सीखना होगा कि परिस्थितियों से कैसे सामंजस्य बिठाया जाता है। भारत ने रविवार को ऑकलैंड में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में न्यू जीलैंड को 7 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 2–0 से बढ़त बनाई। बुमराह ने चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। सिफर्ट ने कहा, 'यहां तक कि पहले मैच में भी बुमराह ने धीमी गेंदे की। अमूमन डेथ ओवरों में गेंदबाज सीधी लाइन पर गेंद करता है। इसके अलावा यॉर्कर करता है। वह (बुमराह) अपनी गेंदों में काफी बदलाव करते हैं और उन्हें खेलना मुश्किल है।'

### भारतीय टीम पर भारी न्यू जीलैंड, 2–1 से हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। भारतीय महिला हॉकी टीम को न्यू जीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच में सोमवार को यहां 1–2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने दौरे के पहले मैच में 4–0 से जीत दर्ज की थी। न्यू जीलैंड ने आक्रामक शुरुआत की और पहले क्वॉर्टर के शुरू में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे मेगान हल ने तीसरे मिनट में गोल में बदला। युवा सलीमा टेटे ने पहले क्वॉर्टर के आखिरी क्षणों में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बराबरी दिलायी। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला लेकिन कोई भी टीम इस दौरान गोल नहीं कर पायी। आखिरी 15 मिनट में रक्षापंक्ति की ढिलायी भारत को भारी पड़ी। न्यू जीलैंड को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे मेगान हल ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। भारत और न्यू जीलैंड के बीच तीसरा मैच बुधवार को खेला जाएगा।

### कोहली को देखकर लक्ष्य का पीछा करने की कला सीखीः श्रेयस अय्यर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर कप्तान विराट कोहली से काफी प्रभावित हैं। अय्यर ने कहा कि जिस तरह विराट लक्ष्य का पीछा करते हैं उससे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है। रविवार को ऑकलैंड में न्यू जीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल सीरीज के दूसरे मैच में सात विकेट से जीत के बाद अय्यर ने कहा कि वह कोहली के ही नक्शेकदम पर चलकर भारत को जीत दिलाना चाहते हैं। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में नंबर चार अपनी जगह पक्की करते जा रहे अय्यर ने 33 गेंदों पर 44 रन बनाकर भारत को पांच मैचों की सीरीज में 2–0 की महत्वपूर्ण बढ़त दिला है। उन्होंने केएल राहुल (57) के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी की। रोहित शर्मा और विराट कोहली के जल्द आउट होने के बाद इस जोड़ी ने भारतीय टीम को जीत के करीब पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने 133 रनों के लक्ष्य को 15 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया।

### प्रागननंधा ने पूर्व विश्व चौंपियन टोपोलोव को हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जिब्राल्टर। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रागननंधा ने छठे दौर में पूर्व विश्व चौंपियन वेसलिन टोपालोव को उलटफेर का शिकार बनाकर 18वें जिब्राल्टर शतरंज महोत्सव में अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। चेन्नई के 14 वर्षीय खिलाड़ी ने बुल्गारियाई दिग्गज को केवल 33 चाल में हरा दिया। प्रागननंधा ने हमवतन पी वी नंदिता के खिलाफ हार से शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उन्होंने अपनी पांचों बाजियां जीती हैं। हाल में विश्व अंडर–18 का खिताब जीतने वाले प्रागननंदा छह अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। सातवें दौर में उनका सामना चीन के ग्रैंडमास्टर वांग हाओ से होगा। रूस के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर आंद्रे एस्पिंको ने काले मोहरों से खेलते हुए जार्जिया के इवान चेपरिनोव पर जीत दर्ज की जिससे वह 5.5 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गये।